>

Title: Need to undertake excavation work at Chandankiyari, an important archaeological site in Bokaro district, Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : महोदय, आपके माध्यम से मंत्री, पर्यटन और संस्कृति का ध्यान आकृÂट करते हुए सूचित करना है कि झारखंड राज्य के अंतर्गत बोकारों जिला के चन्दन कियारी पूखंड में इजरी नदी के किनारे बसे महाल, खेराजगाजर एवं भेजूडीह-भेरवस्थान क्षेत्र में जमीन के नीचे प्राचीन कालीन दुर्लभ मूर्तियां, मंदिरों के अवशेÂा तथा लेख शिला खंड आदि वस्तुं पाई जाती हैं। भेरव स्थान में अवस्थित गंगा कुण्ड के नाम से विख्यात कुण्ड में साल भर पानी का स्रोत चलता रहता है। 25 फीट की दूरी पर स्थित इजरी नदी का पानी सूख जाता है किंतु इस कुण्ड में पानी का स्रोत बंद नहीं होता। इस क्षेत्र में प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति संबंधी महत्वपूर्ण धरोहर होने की पूर्ण संभावना है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि पुरातत्व विभाग द्वारा इस क्षेत्र का सर्वेक्षण एवं खुदाई कराकर इस स्थान से संबंधित प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति का पता लगाया जाये तथा भैरव स्थान जैसे ऐतिहासिक महत्व के स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना ली जाये।